सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-531
25/11/2018

पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री सी0के0 जाफर शरीफ के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 25 नवम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री सी0के0 जाफर शरीफ के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कर्मठ एवं जुझारू राजनेता थे। राजनीति में उनका अहम योगदान था। उनके निधन से राजनीति के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******